Skyweb Infotech Limited

**Reg. Office**: K-20, 2nd Floor, Lajpat Nagar-II, New Delhi-110024
**Tel**.: 0120-6721900 I **Email**: info@skywebindia.in I **Web**: www.skywebindia.in
**CIN No**. : L72200DL1985PLC019763

**Ref. No. - SIL/CO/SE/2022-23/40** **14th November, 2022**

**To**
**Listing Department,**
**Metropolitan Stock Exchange of India Limited,**
Vibgyor Towers, 4th floor, Plot No. C 62,
G - Block, Opp. Trident Hotel,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai – 400 098

**SYMBOL: SKYWEB**

**Subject: Submission of Newspaper Clippings regarding publication of Extract of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter and six months ended 30th September, 2022**

Dear Sir(s),

With reference to the captioned subject, this is to inform you that pursuant to Regulation 47 and other applicable regulations of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the extract of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results of the Company for the quarter and six months ended 30th September, 2022, has been published in the following newspapers on November 14, 2022:

1. Financial Express (English) ; and
2. Hari Bhoomi (Hindi)

Kindly take the same on your records.

**Thanking You,**
**Yours truly**
**For Skyweb Infotech Limited**

Renu Gupta
Digitally signed by Renu Gupta
Date: 2022.11.14 13:34:39 +05'30'

**Renu Gupta**
**Whole Time Director**

### महिलाओं के लिए आरक्षित 125 सीटों के अलावा 13 सामान्य सीटों पर भी महिला उम्मीदवारों को दिया टिकट

# आप ने महिलाओं पर भरोसा जताकर 55.2 फीसदी सीटों पर महिला प्रत्याशियों को उतारा

विनोद मणि गौतम ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सत्ता हासिल करने के लिए टिकट बंटवारे में इस बार महिलाओं को वरीयता दी है। आप ने महिला सशक्तिकरण को धार देने के इरादे से एमसीडी चुनाव में अनारक्षित सीटों पर भी महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। एमसीडी की 250 सीटों में से 125 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, लेकिन आप ने आरक्षित सीटों के अलावा भी 13 सामान्य सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया है। इस तरह आप ने चुनाव आयोग से महिलाओं के लिए आरक्षित 50 फीसद से अधिक करीब 55.2 फीसद सीट पर महिलाओं को मौका दिया है। आप के सर्वे में सामान्य सीट पर पहली पसंद बनकर महिलाएं उभरी थी। जनता की भावनाओं के अनुरूप आप ने सामान्य सीट पर महिला उम्मीदवार दिया है। सामान्य सीटों पर टिकट पाने वाली इन महिलाओं के लिए क्षेत्र की जनता से बेहतर जुड़ाव और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी प्लस प्वाइंट रहा। वहीं,ज्यादातर सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाले कार्यकर्ताओं को उनकी योग्यता के आधार टिकट दिया गया है। आप ने एमसीडी के चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन में महिला सशक्तिकरण का विशेष ख्याल रखा है। पार्टी का मानना है कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को अवसर दिया जाना चाहिए। लिहाजा, पार्टी ने एमसीडी का टिकट मांगने वाले आप संगठन के कार्यकर्ताओं के सर्वे में इस बात पर भी ध्यान दिया कि सामान्य सीटों पर कितनी महिलाएं टिकट की दावेदार हैं और उन दावेदार महिलाओं की जनता के बीच छवि कैसी है? सर्वे में उन महिला दावेदारों के बारे जनता की राय जानी गई कि दावेदारी करने वाली महिलाओं की जनता से कितना जुड़ाव है और जनहित के मुद्दों को कितनी मुखर तरीके जनता की आवाज उठाती हैं। सर्वे में जनता ने सामान्य सीटों पर टिकट पाने वाली इन 13 महिलाओं को अपनी पहली पसंद बताया है। जनता ने इन महिला दावेदारों को पुरुष दावेदारों से अधिक प्वाइंट दिए हैं। जनप्रिय नेता के रूप में उभरी इन महिला दावेदारों ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार और शनिवार को हुई पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी (पीएसी) की बैठक में सभी सदस्यों को प्रभावित किया। सामान्य सीट होने के कारण पुरुषों को टिकट देने का काफी दवाब अवश्य था, फिर भी पीएसी ने दबावों को एक तरफ रखने हुए जनप्रिय नेता के तौर पर उभारों इन महिलाओं को टिकट देने का निर्णय लिया। इसके पीछे उद्देश्य यह रहा कि इससे महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी। साथ ही, ईमानदारी से समाज सेवा में लगी महिलाओं का राजनीति में प्रवेश को बढ़ावा मिलेगा।

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि वह हमेशा से आम आदमी की आवाज उठाती रही है। इसलिए टिकट बंटवारे में पार्टी ने हमेशा पारिवारिक पृष्ठभूमि की बजाय योग्यता को महत्व दिया है और चुनाव में सामान्य घरों के लड़के-लड़कियों को महत्व दिया है। बशर्ते कि दावेदारी करने वाला योग्य हो। इसी परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए आप ने योग्यता को आधार बनाते हुए ज्यादातर सामान्य घरों को लड़के-लड़कियों को एमसीडी चुनाव में टिकट दिया है। कई उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, फिर भी उनको वरीयता देते हुए टिकट दिया गया है, ताकि वे आगे बढ़ सकें और चुनाव जीत कर दूसरों को प्रेरित कर सकें।

### इन 13 सामान्य सीटों पर आप ने महिलाओं को दिया टिकट

*आम आदमी पार्टी ने आरक्षित 50 फीसदी सीटों पर महिलाओं को टिकट देने के अलावा जिन 13 सामान्य सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया हैं उनमें वार्ड 57 पीतम पूरा से संजू जैन, वार्ड 59 पश्चिम विहार से शालू दुग्गल, वार्ड 70 शास्त्री नगर से बबिता शर्मा, वार्ड 95 विष्णु गार्डेन से मीनाक्षी चंदेला,वार्ड 117 डाबरी से तिलोत्तमा चौधरी,वार्ड 121 द्वारका ए से कैप्टन शालिनी,वार्ड 140 इंद्रपुरी ज्योति गौतम,वार्ड 142 दरियागंज से सारिका चौधरी, वार्ड 150 ग्रीन पार्क से सरिता फोगाट को टिकट, वार्ड 174 श्रीनिवास पूरी से इंदु,वार्ड 190 न्यू अशोक नगर से अनिता हाकम, वार्ड 230 भजनपुरा से रेखा रानी और वार्ड 232 यमुना विहार सामान्य सीट से विनीता लूथरा को टिकट दिया गया है।*

### आप की सरकार दे रही महिला सशक्तिकरण को मजबूती


*दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार भी महिला सशक्तिकरण को मजबूती दे रही है। महिलाओं को बराबर की भागीदारी देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने सरकारी बसों में महिलाओं का सफर बिल्कुल मुफ्त कर दिया है। महिलाओं के लिए विशेष पिंक टिकट हैं। जब महिलाएं बसों में सफर करती हैं तो उनको यह टिकट दिया जाता है। इस टिकट पर महिलाएं पूरी दिल्ली में कहीं भी मुफ्त सफर कर सकती हैं। रोजाना बसों में हजारों की संख्या में महिलाएं सफर करती हैं। जब से यह योजना शुरू की गई है, तब से दिल्ली की बसों में सफर करने वाली महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ी है। वर्तमान में बसों में कुल सफर करने वाले यात्रियों में करीब 32 फीसद महिलाएं सफर कर रही हैं। बसों में महिलाओं की संख्या बढ़ने का कारण यह भी है कि उनकी सुरक्षा के लिए हर बस में मार्शल तैनात हैं। इससे महिलाएं बसों में सफर करना सबसे सुरक्षित मानती हैं। इसके अल्वा, परिवहन विभाग में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से बस ड्राइवर की भर्ती में कई छूट प्रदान की है। साथ ही अब महिला बस ड्राइवर की नियुक्ति भी की जा रही है। वर्तमान में तिल्ली की सड़कों पर 11 महिलाएं बसों का संचालन कर रही हैं।*

### टिकट पाने वाली महिलाओं ने पार्टी को दिया धन्यवाद

*आम आदमी पार्टी से टिकट पाने के बाद महिला उम्मीदवारों ने पार्टी और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद दिया है। वार्ड 174 श्रीनिवासपुरी की सामान्य सीट से प्रत्याशी इंदु शर्मा का कहना है कि यह मेरे लिए अप्रत्याशित है। मुझे उम्मीद नहीं थी कि सामान्य सीट से उनको टिकट मिल पाएगा, क्योंकि पुरुष दावेदार भी काफी थे, लेकिन पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा संदेश है। वहीं वार्ड 121 द्वारका ए की सामान्य सीट से प्रत्याशी कैप्टन शालिनी का कहना है कि अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में आप हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देती रही है। इसी उम्मीद से मैंने सामान्य सीट होने के बावजूद टिकट के लिए आवेदन किया था। अक्सर पार्टियां सामान्य सीटों पर पुरुष को ही उम्मीदवार बनाती हैं, लेकिन आप नेतृत्व ने मुझ पर भरोसा कर बाकी महिलाओं को प्रेरित करने का काम किया है। इसी के साथ वार्ड 142 दरियागंज सामान्य सीट से प्रत्याशी सारिका चौधरी का कहना है कि मैं अरविंद केजरीवाल और पूरी पार्टी की आभारी हूं कि मुझे सामान्य सीट पर चुनाव लड़ने का मौका दिया है। जबकि मेरी जगह किसी पुरुष को भी पार्टी उम्मीदवार बना सकती थी। यह इस बात का प्रमाण है कि आप महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने का कोई भी मौका नहीं छोड़ती है।*

### आप ने वार्ड 43 सुल्तानपुरी-ए से बॉबी किन्नर को दिया टिकट

*दिल्ली नगर निगम के चुनाव में बॉबी किन्नर एकमात्र थर्ड जेंडर उम्मीदवार हैं, जिन्हे आम आदमी पार्टी ने राजनीति के जरिए समाज सेवा करने का अवसर दिया है। बॉबी किन्नर को वार्ड 43 सुल्तानपुरी-ए से एससी महिला के लिए आरक्षित सीट पर टिकट दिया गया है। एमसीडी चुनाव में किसी किन्नर को टिकट देने वाली आम आदमी पार्टी पहली पार्टी बना गई है। बॉबी किन्नर ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं अरविंद केजरीवाल की उम्मीदों पर बिलकुल खरी उतरूंगी। हमारा मुद्दा दिल्ली की साफ सफाई है। मैं जीत कर आऊंगी तो अपने वार्ड में सबसे पहले साफ सफाई का काम कराऊंगी। उनका कहना है कि मैं बहुत सामान्य परिवार से हूं। मेरे पास चुनाव लड़ने के लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन जनता ने कहा कि मैं चुनाव लड़ू। मेरा चुनाव जनता मिलकर लड़ रही है और जनता के आशीर्वाद से चुनाव जीतूंगी। मैं चाहती हूं कि मेरी तरह ही मेरे समाज के लोग भी आगे बढ़ें और राजनीति में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। मैं पिछले 15 साल से जनता के बीच रहकर सामाजिक कार्य कर रही हूं। मैं जनता से अपील कर रही हूं कि जीतने के बाद और मजबूती से सामाजिक कार्य कर सकूंगी।*



### टिकट न मिलने से नाराज आप के पूर्व पार्षद बिजली के टावर पर चढ़े

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद हसीब-उल-हसन दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आगामी चुनाव के लिए टिकट नहीं दिए जाने से कथित तौर पर नाराज होकर रविवार को पूर्वी दिल्ली में एक बिजली के टावर पर चढ़ गए। दमकल अधिकारियों ने कहा कि उन्हें सुबह पूर्वाह्न 10.51 बजे सूचना मिली कि गांधी नगर इलाके में एक व्यक्ति बिजली के टावर पर चढ़ गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस कर्मी, दमकल विभाग और बीएसईएस के अधिकारी एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे और हसन से नीचे उतरने का अनुरोध किया और वह अंततः सहमत हो गए।

### कई कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनावों को लेकर शनिवार को अपने सभी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। उम्मीदवारों की घोषणा के बाद आप कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं। कार्यकताओं का आरोप है कि टिकट बांटने में कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई है। इससे पुराने कार्यकर्ताओं को मनोबल टूट गया है। ऐसा ही मामला आर के पुरम विधानसभा में देखने को मिला। यहां के तीनों वार्डों पर घोषित उम्मीदवारों के खिलाफ बगावत शुरू हो गई है। यहां के कार्यकर्ताओं ने अपने शीर्ष नेतृत्व से गुहार लगा रहे हैं कि उनकी बातों को सुनकर यहां के उम्मीदवारों को बदलें, नहीं तो इसका खामियाजा पार्टी को चुनाव में भुगतना पड़ेगा। वहीं दक्षिणपुरी वार्ड संख्या 164 से प्रेम चौहान को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। आप के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस स्थित सीएम अरविंद केजरीवाल के निवास पर पहुंचकर हंगामा किया। उनके हाथों में तख्तियां भी थीं, जिस पर प्रेम चौहान को लेंटर माफिया बताया गया है।

### निगम चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के चुनाव लड़ने के लिए आज सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार दिल्ली की आम जनता और राजनीतिक दलों को सूचित किया जाता है कि दिल्ली नगर निगम के चुनाव 4 दिसंबर 2022 को होने जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के राज्य चुनाव आयोग ने 250 वार्डों के लिए 68 रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपना नामांकन संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के पास प्रतिदिन रविवार और सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 7 नवंबर से 14 नवंबर 2022 तक समय 11 बजे से शाम 3 बजे के दौरान जमा कर सकते हैं। नामांकन प्रपत्र आदि संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त किए जा सकते हैं। नामांकन जमा करते समय प्रत्येक उम्मीदवार को एक सुरक्षा राशि 5000 रूपये नकद में संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के पास जमा करानी होगी, अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा राशि उपरोक्त राशि की आधी अर्थात 2500 रूपये नकद होगी। इच्छुक उम्मीदवार इस बारे में अन्य जानकारी रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त कर सकते हैं।

## दिल्ली जल बोर्ड को दिवालिया करने जा रही है केजरीवाल सरकार : गुप्ता

■ सर्दियों में भी दिल्लीवाले पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा है कि सर्दियों में भी दिल्लीवाले पानी की कमी से परेशान हैं और दिल्ली सरकार टीवी से लेकर अख़बारों तक में अपनी झूठी तारीफों में लगी हुई है। अब तो हालत ये हो गई है, कि दिल्ली की पॉश कॉलोनियों जैसे वसंत कुंज में भी कई कई दिनों तक पानी नहीं आ रहा है। आदेश गुप्ता ने कहा कि पिछले 8 सालों में दिल्ली की केजरीवाल ने लोगों को पानी पहुंचाने के लिए कोई काम नहीं किया, दिल्ली की 17 सौ से ज़्यादा अनधिकृत कॉलोनियां तो टैंकरों से पानी पीने खरीदने के लिए मज़बूर है। इन कॉलोनियों में सवा करोड़ से ज़्यादा दिल्लीवाले रहते हैं, साथ ही बहुत सारी कॉलोनियों में दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से आम लोग गंदा पानी पीने को मज़बूर है, इससे बड़ी संख्या में लोग और बच्चे पेट की बीमारियों से बीमार हो रहे हैं।

### पीने का पानी देने के लिए कुछ नहीं कर रही केजरीवाल सरकार

आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार लोगों को पीने का साफ पानी देने के लिए कुछ नहीं कर रही है। सोनिया विहार प्लांट के बाद दिल्ली में पीने के पानी का कोई नया इंतज़ाम नहीं किया गया है, वो भी केजरीवाल से पहली सरकारों ने किया था। आदेश गुप्ता ने कहा कि जहां पूरे देश में गांव गांव में नरेंद्र मोदी सरकार हर घर में पीने का साफ पानी पहुंचा रही है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार के जरिए दिल्ली जल बोर्ड को ही दिवालिया करने जा रही है। अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि पानी के इंतज़ाम की बजाए केजरीवाल सरकार दिल्ली जल बोर्ड को भ्रष्टाचार का अड्डा बना चुकी है। जल बोर्ड पर लगभग 55 हज़ार करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज है, लेकिन केजरीवाल सरकार इसके ऑडिट की रिपोर्ट पेश नहीं कर रही है।

इससे साफ पता लगता है कि केजरीवाल सरकार की नीयत लोगों को साफ पानी देने की बजाए, दिल्ली जल बोर्ड से भ्रष्टाचार के जरिए जुटाए फंड से दूसरे राज्यों में चुनाव लड़ने की है।

## दिल्ली जल बोर्ड के 20 करोड़ के घोटाले से जनता स्तब्धः भाजपा

■ पूर्व अध्यक्ष की संभव भूमिका की जांच कराने के लिए एलजी से किया अनुरोध

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड कर्मचारियों द्वारा जनता से एकत्र कर किये गये 20 करोड़ रुपए के गबन का समाचार देख कर दिल्ली की जनता स्तब्ध है और यह मानती है कि इतना बड़ा घोटाला राजनीतिक संरक्षण के बिना मुमकिन नहीं है। भाजपा प्रवक्ता कपूर ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सैना से मांग की है कि इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दें क्योंकि यह सम्भव है कि इसमें सम्मलित अभियुक्तों को तत्कालीन दिल्ली जल बोर्ड उपाध्यक्ष राघव चड्डा या जल बोर्ड के अन्य किसी सत्ताधारी सदस्य का संरक्षण प्राप्त हो। अतः उपराज्यपाल जो जांच का आदेश दें, उसकी परिधि में राघव चड्डा या अन्य राजनीतिक सदस्यों की भूमिका की जांच हो। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता कपूर ने कहा कि आम आदमी पार्टी नेता दुर्गेश पाठक जो अक्सर भंग नगर निगम के भाजपा के नेताओं पर सम्पति कर या कनवर्जन चार्ज जैसे मदों के पैसे के गबन का आरोप लगाते रहे हैं, वह आज दिल्ली वालों के प्रति जवाबदेह हैं कि आखिर राघव चड्डा आदि सत्ताधारी सदस्यों के रहते इतना बड़ा घोटाला कैसे हुआ। अगर आम आदमी पार्टी नेता दुर्गेश पाठक जवाब नहीं देते हैं तो इसका मतलब होगा कि वह स्वीकार करते हैं कि जल बोर्ड घोटाले को राघव चड्डा या किसी अन्य राजनीतिक नेता का संरक्षण प्राप्त था।




### भाजपा ने पोस्टर जारी कर बोला केजरीवाल सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने रविवार को एक प्रेसवार्ता के माध्यम से दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के फोटो सहित लूटेरा नाम का एक पोस्टर जारी किया। उन्होंने कहा कि यह पोस्टर पिछले आठ सालों से अरविंद केजरीवाल सरकार में चल रही घटनाओं का संक्षेप विवरण है। ऐसा इसलिए क्योंकि अपने कार्यकाल में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सिर्फ दिल्ली की जनता को लूटने का काम किया है। प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता यासिर जिलानी और अजय सहरावत उपस्थित थे। शहज़ाद पूनावाला ने तंज कसते हुए कहा कि एक लूटेरा नाम की फिल्म आई थी लेकिन फिलहाल दिल्ली के अंदर अरविंद केजरीवाल निर्देशित फिल्म लूटेरा चल रही है जिसमें मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, कैलाश गहलोत और सुकेश चंद्रशेखर मुख्य भूमिका में हैं। उन्होंने केजरीवाल सरकार के घोटालों को याद दिलाते हुए कहा कि हवाला घोटाला, बस घोटाला, क्लासरुम घोटाला, बिजली सब्सिडी में घोटाला, श्रमिकों का फेक रजिस्ट्रेशन करवाकर घोटाला, जलबोर्ड के माध्यम से 20 करोड़ की लूट हो या फिर शराब घोटाला हो जिसमें केजरीवाल ने शराब माफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए दिल्ली के टैक्सपेयर्स के पैसों को पानी की तरह बहाने का काम किया। शहज़ाद पूनावाला ने कहा कि शराब घोटाले में अभी तक किसी को बेल नहीं मिली है। कैश कलेक्शन एक्सपर्ट विजय नायर भी जेल के अंदर है। शराब घोटालों के अंदर जिस तरह से दिल्ली के खजाने को लूटने का काम किया गया, उसका खुलासा भी आरटीआई के तहत हुआ है। नई शराब नीति के तहत 5036 करोड़ रुपये सरकारी खजाने में आए। सितंबर 2022 में जब पुरानी पॉलिसी को लागू किया गया तो सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 768 करोड़ रुपये की कमाई हुई। मतलब स्पष्ट है कि नई आबकारी नीति के तहत दिल्ली के सरकारी खजानों में प्रतिदिन आने वाले 17.5 करोड़ रुपये पुरानी नीति के तहत प्रतिदिन 25.5 करोड़ रुपये आने लगे।

### आप कार्यालय में नामांकन फार्म वेरीफाई करवाने और सिंबल प्राप्त करने के लिए दिनभर प्रत्याशियों का रहा जमावड़ा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) कार्यालय में रविवार को नामांकन फार्म वेरीफाई करवाने और सिंबल प्राप्त करने के लिए दिन भर प्रत्याशियों को जमावड़ा रहा। प्रत्याशियों के फॉर्म वेरीफाई करने के लिए वकीलों का पैनल दिन-रात काम कर रहा है। आप ने वकीलों के पैनल के जरिए प्रत्याशियों के फॉर्म वेरीफाई करवाए हैं। वकीलों के पैनल की संतुष्टि के बाद ही प्रत्याशियों को सिंबल जारी हो रहा है। आप के राष्ट्रीय महासचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद नामांकन के लिए सिर्फ 1 दिन है। ऐसे में सभी का नामांकन सोमवार को ही होना है। आप ने प्रत्याशियों के नामांकन फार्म जांचने के लिए वकीलों का पैनल बनाया गया। इसके जरिए 24 घंटे सभी प्रत्याशियों के नामांकन फॉर्म गहनता के साथ जांचे गए। जिन प्रत्याशियों के नामांकन फार्म में कमी थी, उनको साथ के साथ दूर करवाया गया। प्रत्याशियों के नामांकन को लेकर पार्टी किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती है। इसी वजह से पार्टी की तरफ से वकीलों का पैनल प्रत्याशियों की मदद के लिए तैयार किया गया, जो कि चौबीसों घंटे उन्हें कानूनी सुविधा मुहैया करा रहा है। पंकज गुप्ता ने कहा कि प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद नामांकन के लिए सिर्फ 1 दिन है।

## प्रदेश कांग्रेस ने जारी की अपनी चुनावी सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आज सोमवार को दिल्ली नगर निगम के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन हैं और इसे देखते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रविवार को एक ही झटके में अपनी पहली और अंतिम चुनावी सूची जारी कर दी। जबकि आम आदमी पार्टी और भाजपा ने अपनी एक से अधिक सूची जारी करनी पड़ी। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अनुमोदित दिल्ली नगर निगक के 250 वार्डों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। बताया जा रहा है कि इस बार कांग्रेस ने सूची जारी करने में इसलिए विलंब किया है कि आम आदमी पार्टी और भाजपा से आने वाले भी कांग्रेस का हाथ थाम सके।

## तीन मौजूदा पार्षदों सहित भाजपा और आप के कई नेता कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में दिल्ली कांग्रेस में आम आदमी पार्टी और भाजपा के तीन मौजूदा पार्षदों सहित कई नेताओं को कांग्रेस में शामिल किया। चौ. अनिल कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ नरेंद्र नाथ (दिल्ली के पूर्व मंत्री), दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज, आदर्श शास्त्री, पूर्व विधायक और विपिन शर्मा, पूर्व विधायक ने पार्टी में शामिल होने वालों को कांग्रेस का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद आजाद विधूड़ी, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के उपाध्यक्ष अनुज आत्रेय, धीरज बसोया, विक्रम लोहिया आदि उपस्थित थे। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि एमसीडी चुनावों में “भारत जोड़ो, दिल जीतो” कांग्रेस का आदर्श वाक्य होगा और “दिल जीता है, दिल्ली जीतेंगे” पार्टी का लक्ष्य होगा। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस में कुछ अपने लोगों की घर वापसी है जबकि कुछ अन्यों ने भाजपा और आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ दिया है क्योंकि भाजपा और आम आदमी पार्टी केवल दिल्ली के लोगों को धोखा देने और राजधानी को बर्बाद करने के लिए भ्रष्टाचार और पक्षपात में लिप्त है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि ये नेता बिना किसी शर्त के दिल्ली कांग्रेस में शामिल हुए है, क्योंकि वे कांग्रेस पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों में विश्वास करते है और राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा से अत्यधिक प्रेरित और प्रभावित है।

### ये लोग हुए शामिल

आप पार्टी से निवर्तमान निगम पार्षद व नरेला जोन के पूर्व अध्यक्ष राम नारायण भारद्वाज, उर्मिला यादव तथा भाजपा की निगम पार्षद ज्योति रछौया, भाजपा के पूर्व निगम पार्षद भूमि रछौया, धर्मवीर भईया, आप पार्टी से नगर निगम प्रत्याशियों में मंगत राम गर्ग, शिव शंकर ठाकुर, सारिका सुमन व गीता राजपूत, आप पार्टी से राजस्थान संगठन प्रभारी दुष्यंत यादव, आप पार्टी से छत्तरपुर विधान सभा के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बलहारा, आप पार्टी से कार्यकारिणी सदस्य प्रवीन कसाना तथा आप पार्टी से अन्य नेताओं तरूण राज, माया भारद्वाज, निशा कुमारी सहित हजारों की तादात में आप पार्टी और भाजपा व बी.एस.पी के कार्यकर्ता ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।


**स्काईवेब इन्फोटेक लिमिटेड**
CIN: L72200DL1985PLC019763
पंजीकृत कार्यालय: के -20, दूसरी मंजिल, लाजपत नगर - II, नई दिल्ली - 110024
कॉर्पोरेट कार्यालय: डी-348, सेक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201307
वेबसाइट: www.skywebindia.in, ईमेल: info@skywebindia.in, दूरभाष नं : 011-29840906

**30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का सार**

ईपीएस को छोड़कर आंकड़े लाख में

| क्र. स. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | कंसोलिडेटेड | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2022 को तिमाही समाप्त | 30.09.2022 को समाप्त 6 महीने | 30.09.2021 को तिमाही समाप्त | 30.09.2022 को तिमाही समाप्त | 30.09.2022 को समाप्त 6 महीने | 30.09.2021 को तिमाही समाप्त |
| | | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित |
| 1 | संचालन से कुल आय (शुद्ध) | - | - | - | - | - | - |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, असाधारण और/या असामान्य मदों से पूर्व) | (2.04) | (5.00) | (1.31) | (2.04) | (5.00) | (1.31) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद) | (2.04) | (5.00) | (1.31) | (2.04) | (5.00) | (1.31) |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद) | (2.04) | (5.00) | (1.31) | (2.04) | (5.00) | (1.31) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/हानि (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल है] | (2.04) | (5.00) | (1.31) | 10.03 | 7.88 | (0.39) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष के अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है | - | - | - | - | | - |
| 8 | प्रति शेयर आय (निरंतर और अनिरंतर संचालन के लिए) | | | | | | |
| (a) | बेसिक | (0.20) | (0.50) | (0.13) | 1.00 | 0.79 | (0.04) |
| (b) | डाल्युटेड | (0.20) | (0.50) | (0.13) | 1.00 | 0.79 | (0.04) |

**नोट्स:**

1. उपरोक्त 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है, जिसे सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर किया गया है।उक्त वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप कंपनी की वेबसाइट (www.skywebindia.in) और मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.msei.in) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
2. 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अनअंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की ऑडिट समिति द्वारा विधिवत समीक्षा की गई और निदेशक मंडल द्वारा 12 नवम्बर, 2022 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया गया।

कृते एवं बोर्ड की ओर से
स्काईवेब इन्फोटेक लिमिटेड
हस्ता./-
नीतेश गुप्ता
पूर्णकालिक निदेशक

दिनांक: 12.11.2022
स्थान: दिल्ली